फ्लो इंदौर चेप्टर का शुभारंभ

इंदौर। इंदौर में फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन के 11 वें चेप्टर के शुभारंभ के साथ ही भारत के हृदयस्थली राज्य मध्यप्रदेश में फ्लो की उपस्थिति दर्ज हो गई। इस अवसर पर फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूरचा ने चेप्टर के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर वूमन वीव चेरिटेबल ट्रस्ट की सीईओ तथा संस्थापक सॅली होल्कर, इंदौर की पूर्व महापौर उमा शशि शर्मा तथा इंदौर की जानीमानी चिकित्सक डॉ. दिव्या गुप्ता सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

कार्यक्रम में फ्लो की पूर्व अध्यक्षा आभा डालमिया तथा शुभ्रा गुप्ता, उपाध्यक्षा विनिता बिमभेट, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. मंजु कालरा प्रकाश तथा अधिशासी निकाय सदस्याएं उज्जवला सिंघानियां, मीरा गोयल, सीमा कोठारी, संध्या सेठी, तान्या छाबरिया ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम के आरंभ में फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीता बूचरा ने विशिष्ट अतिथियों तथा नए चेप्टर के सदस्यों का स्वागत करते हुए फिक्की लेडिज आर्गेनाइजेशन के बारे में अत्यधिक प्रभावी प्रस्तुति देते हुए महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संगठन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला।